कक्षा–6

हिन्दी व्याकरण

पाठ 12 समुच्चयबोधक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) समुच्चयबोधक किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाओ।

उत्तर– जो अव्यय शब्द दो या दो से अधिक शब्दों अथवा उपवाक्यों को जोड़ते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक शब्द कहते हैं।

(ख) संयोजक और विरोध सूचक समुच्चयबोधक में क्या अंतर है?

उत्तर– **संयोजकः**–जो अव्यय दो अथवा दो से अधिक शब्दों अथवा वाक्यांशों या वाक्यों को जोड़ने में प्रयोग होते हैं। उन्हें संयोजक कहते हैं।

विरोध सूचकः– जो अव्यय दो वाक्यों में विरोध प्रदर्शित करते हैं तथा उनमें से किसी एक के निषेध अथवा ग्रहण का बोध कराते हैं। उन्हें विरोध सूचक कहते हैं।

2. दिए गए समुच्चयबोधक शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

इसलिए, यद्यपि–तथापि, क्योंकि, यदि–तो, लेकिन, अतः, जिससे

(क) सूखा पड़ गया **क्योंकि** वर्षा नहीं हो रही।

(ख) राजू परिश्रम करता है **इसलिए** प्रथम आता है।

(ग) **यद्यपि** वह गरीब है **तथापि** ईमानदार है।

(घ) वह अमीर है **लेकिन** फकीर जैसा रहता है।

(ङ) **यदि** परिश्रम करोगे **ता** सफलता अवश्य मिलेगी।

(च) कुछ ऐसा करो दुनिया **जिससे** याद करे।

(छ) यह पढ़ने का समय है **अतः** मैं नहीं खेलूँगा।

3. निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चयबोधक छाँटकर भेद बताओ–

(क) राम और करन दोनों पढ़ रहे हैं। संयोजक

(ख) हमने राजेश को बुलाया था लेकिन वह आ न सका।	विरोध सूचक
(ग) वह पास नहीं हुआ क्योंकि उसने पढ़ाई नहीं की थी।	परिणाम सूचक
(घ) चूँकि वह थका था इसलिए सो रहा है।	परिणाम सूचक
(ङ) यदि इज्जत चाहते हो तो दूसरों की इज्जत करो।	परिणाम सूचक

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'किंतु', 'अपितु', 'लेकिन' आदि समुच्चयबोधक हैं–

(अ) संयोजक (ब) विरोध सूचक ✓ (स) परिणाम सूचक

(ख) वह स्कूल नहीं गया .... वह बीमार था।

(अ) क्योंकि ✓ (ब) नहीं तो (स) इसलिए

(ग) समुच्चयबोधक के भेद होते हैं–

(अ) दो (ब) तीन (स) चार ✓

(घ) 'और', 'एवं', 'तथा', 'अर्थात्', 'जो कि' आदि समुच्चयबोधक हैं–

(अ) संयोजक ✓ (ब) विकल्पक (स) विरोध सूचक

(ङ) 'यद्यपि', 'तथापि', 'अतः', 'इसलिए' आदि समुच्चयबोधक हैं–

(अ) संयोजक (स) परिणाम सूचक ✓ (स) विकल्पक